


### एक नजर में

## दो अंतरराज्यीय अफीम तस्करों को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो-दो लाख रूपयों का अर्थदण्ड

**नीमच।** जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा 38 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले दो आरोपीगण (1) सुनील चौधरी पिता पारसराम जाट, उम्र-37 वर्ष, निवासी-ग्राम खारिया, थाना-बेरूदा, तहसील-भोपालगढ़, जिला-जोधपुर (राजस्थान) एवं (2) पप्पूराम पिता नाथूराम मेघवाल, उम्र-41 वर्ष, निवासी-ग्राम खारिया खंगार, थाना-बोरूंदा, तहसील-भोपालगढ़, जिला-जोधपुर (राजस्थान) को धारा 8/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 200000-200000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19.04.2022 को कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त, नीमच में पदस्थ निरीक्षक परीक्षित चौधरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक 12 चक्का ट्रक जिसमें चाय-पत्ती की आड़ में लगभग 35-40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम छिपाकर मणिपुर से लाई जा रही है, जो वाया आसाम, गुवाहाटी, बिहार, लखनऊ, आगरा, जयपुर, किशनगढ़ होते हुए जोधपुर सप्लाई की जायेगी। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से निरीक्षक परीक्षित चौधरी द्वारा मुखबीर सूचना से अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया, जिनके आदेश से कार्यवाही हेतु निवारक दल का गठन किया गया। ट्रक के किशनगढ़ टोल नाके पर आने की संभावना तथा साथ ही इसकी पायलेटिंग हेतु हथियारबंद बदमाश स्कॉर्पियो गाड़ी साथ में होने से मय फोर्स किशनगढ़ टोल नाके पर घेराबंदी की गई। इसके पश्चात् मुखबीर द्वारा बताया गया ट्रक आने पर उसको रोका तथा चालक का नाम पुछने पर उसने अपना नाम सुनील चौधरी एवं सहचालक से उसका नाम पप्पूराम होना बताया। ट्रक की पायलेटिंग हथियारबंद बदमाश द्वारा किये जाने की सूचना होने से सुरक्षा की दृष्टि से निवारक दल द्वारा सी.बी.एन. के सबसे नजदीकी कार्यालय नीमच में ट्रक को लाया जाकर उसकी तलाशी ली गई। ट्रक के पिछले हिस्से में चाय पत्ती के कट्टे भरे थे तथा कैबिन की तलाशी लिये जाने पर उसमें गुप्त चैम्बर बना था, जिसमें 42 पैकेट में कुल 38.140 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम होना पाया गया। आरोपीगण के कब्जे से अफीम व ट्रक को जप्त किया गया व उनको गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान अन्य आरोपीयों के संबंध में अनुसंधान को खुला रखते हुवे, परिवाद माननीय विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अंतरराज्यीय अफीम तस्करी के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा की गई।

## जिले में अब तक 749.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 749.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 7.0 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 0 मि.मी., सीतामऊ में 7.4 मि.मी., सुवासरा में 41.2 मि.मी., गरोठ में 10.6 मि.मी., भानपुरा में 4.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 14.2 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 759.0 मि.मी., सीतामऊ में 671.4 मि.मी. सुवासरा में 713.0 मि.मी., गरोठ में 683.8 मि.मी., भानपुरा में 1484.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 447.0 मि.मी., धुधंड़का में 730.0 मि.मी., शामगढ़ में 690.6 मि.मी., संजीत में 579.0 मि.मी., कयामपुर में 679.3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 810.4 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1300.95 फीट है।

## मध्यस्था, सरल, त्वरित एवं किफायती न्याय का माध्यम : कार्यवाहक पीडीजे तिवारी



**मंदसौर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 02 सितम्बर 2025 को एडीआर भवन, मंदसौर में मध्यस्था जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।** इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायालयीन लंबित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटान के लिए मध्यस्था जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान साधन के प्रति जनसामान्य, अधिवक्ताओं एवं विधि विद्यार्थियों को जागरूक करना था। अध्यक्षताकार्यवाहक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ तिवारी ने की।

अपने विस्तृत उद्बोधन में माननीय न्यायाधीश महोदय ने कहा कि मध्यस्था न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग बन चुकी है और यह विवादों के समाधान का सरल, त्वरित एवं किफायती माध्यम है।

उन्होंने बताया कि मध्यस्था के माध्यम से पक्षकार स्वयं आपसी संवाद और सहमति से विवाद का समाधान प्राप्त करते हैं, जिससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक संबंधों में भी सौहार्द बनाए रखा जा सकता है।न्यायाधीश महोदय ने यह भी कहा कि मध्यस्था न्यायालयों के बोझ को कम करने के साथ-साथ समाज में सह-अस्तित्व और विश्वास की भावना को सशक्त करने में सहायक है।

उन्होंने सभी उपस्थित अधिवक्ताओं, पैरालीगल वॉलंटियर्स एवं विधि छात्रों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे समाज में मध्यस्था की अवधारणा को अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित करें, ताकि जनसामान्य अपने विवादों का समाधान इस प्रक्रिया से प्राप्त कर सके।

> सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लेकर मध्यस्था प्रक्रिया की महत्ता को आत्मसात किया। साथ ही न्यायाधीश ने आगामी नेशनल लोक अदालत (13 सितम्बर 2025) के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए और अधिकारियों को समयबद्ध तैयारी करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि मध्यस्था के माध्यम से समाज में न्याय की सुलभता, तीव्रता और विश्वास को मजबूत बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर सिंह निगवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अपर्णा लोधी तथा पैनल अधिवक्ता, लीगल ऐड डिफेंस काउंसल, पैरालीगल वॉलंटियर्स एवं विधि छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भानपुरा में डोल ग्यारस पर भव्य जलझूलनी महोत्सव आज

**भानपुरा। श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के तत्वावधान में नगर परिषद और जनसहयोग से बुधवार, 3 सितंबर को पारंपरिक एवं गौरवशाली पर्व डोल ग्यारस/जलझूलनी महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। आयोजन में हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।** कार्यक्रम के तहत नगर के 24 मंदिरों से भगवान के विमान शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा में श्रीराम द्वारा सार्वजनिक व्यायामशाला और श्री सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज व्यायामशाला के पहलवानों द्वारा आकर्षक अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ रेवा नदी के राजघाट पहुंचेगी, जहां प्रतिमाओं का जल अभिषेक एवं पूजन-अर्चन होगा। यहां धर्माचार्यों, जनप्रतिनिधियों और मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में अखाड़े के पहलवानों का शानदार प्रदर्शन होगा। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद सामूहिक आरती, झंडा गीत और प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन होगा। नगर में उत्सव का वातावरण बना हुआ है।



## एसपी ने जनसुनवाई में 33 आवेदकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया

**मंदसौर। जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार, 2 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया।**


इस दौरान कुल 33 आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं और उनका त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण किया गया। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है।

## बिना एचएसआरपी वाहन मालिक नहीं कर पाएँगे आरसी, फिटनेस और परमिट नवीनीकरण : आरटीओ यादव

**मंदसौर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले के सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य कर दी गई है।** जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं होगी, उन्हें कई प्रकार की परिवहन सेवाओं से वंचित रहना पड़ेगा।1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों पर एचएसआरपी लगवाना आवश्यक है। इसके बाद पंजीकृत वाहनों में यह प्लेट पहले से अनिवार्य कर दी गई है। यदि वाहन मालिक निर्धारित समयावधि में अपने वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगवाते हैं तो संबंधित शो-रूम डीलर का ट्रेड लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।एचएसआरपी न होने पर वाहन मालिकों को निम्नलिखित सेवाएँ उपलब्ध नहीं होंगी डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) के लिए आवेदन, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता परिवर्तन, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना, मोटर वाहन के स्वामित्व में परिवर्तन, हाइपोथिकेशन जोड़ना/हटाना, अनापत्ति प्रमाण पत्र ।

**एक नजर** परिजनों ने जनसुनवाई में की शिकायत, दोषी डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई की मांग

## ऑपरेशन में आंत काटने का आरोप, जिंदगी और मौत से जूझ रही महिला



**पिपलियामण्डी। मंदसौर जिले में चिकित्सकीय लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। निजी त्रिशिका नर्सिंग होम की संचालक डॉ. रीना नागर पर आरोप है कि सीजेरियन ऑपरेशन के दौरान एक महिला की आंत कट गई, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई है।**

ग्राम लिम्बावास निवासी अजय बंजारा ने बताया कि उनकी पत्नी शांतिबाई को 25 जुलाई को प्रसव पीड़ा पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सीजेरियन डिलीवरी के बाद डॉक्टर ने मां-बच्चे को स्वस्थ बताया, लेकिन परिजनों का कहना है कि इसी दौरान महिला की आंत कट गई। 27 जुलाई को शांति की हालत बिगड़ी तो उन्हें बिना उचित इलाज के छुट्टी दे दी गई।

इसके बाद अहमदाबाद और उदयपुर के अस्पतालों में इलाज कराया गया, जहां डॉक्टरों ने आंत कटने और संक्रमण फैलने की पुष्टि की। मजबूरी में आंत का बायपास कर अलग से मल निकासी की व्यवस्था की गई। फिलहाल शांति की हालत गंभीर है और वह दवाओं के सहारे जिंदगी से जूझ रही है।

परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने गलती मानने के बजाय धमकी दी। मंगलवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर परिजनों व ग्रामीणों ने दोषी डॉक्टर पर कठोर कार्रवाई, आर्थिक क्षति की भरपाई और न्याय की मांग की है।

यह मामला न केवल एक परिवार की पीड़ा को उजागर करता है, बल्कि जिले में निजी नर्सिंग होम्स की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## 2 सहायक व्यक्तियों के आवेदन 12 सितंबर तक आमंत्रित

**मंदसौर।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी बी.एल. विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों की सहायता के लिए पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत 2 सहायक व्यक्तियों का इम्पेनलमेंट किया जाना है।

यह सहायक व्यक्ति बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मदद करेंगे, जिसमें उनके बयान दर्ज करवाना, पैरवी में सहयोग, परामर्श उपलब्ध कराना एवं सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सहायता दिलवाना शामिल है।

सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करने के इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन स्वयं अथवा पंजीकृत डाक/कोरियर/स्पीड पोस्ट के माध्यम से 12 सितंबर 2025 तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंदसौर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# नीमच

### एक नजर में

## राजस्व एवं कृषि अधिकारी अपने अमले के साथ फील्ड भ्रमण कर फसल क्षति का तत्काल नजरी आंकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करें : कलेक्टर





**नीमच।** समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक और साप्ताहिक लक्ष्यों की पूर्ति के कार्य को सभी जिला अधिकारी पूरी गंभीरता से ले और सम्पूर्ण विभागीय जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहे। राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी अपने मैदानी अमले के साथ आगामी दो दिन में फील्ड विजिट करें और फसलों को हुए नुकसान का नजरी आंकलन कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित टी.एल.बैठक में सभी जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, श्री बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, सुश्री मयूरी जोक एवं सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे अपनी देखरेख में फसल कटाई प्रयोग को अच्छे से करवाएं। उन्होने सभी जनपदों और सीएमओ को शेष रहे समग्र, ई-केवायसी का कार्य इसी एक सप्ताह में पूरा करवाने के निर्देश दिए। सी.एम.हेल्पलाईन की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी विभागों को संतुष्टी के साथ सी.एम.हेल्पलाईन बंद करवाने और अपने-अपने विभाग की मासिक रैंक 10 के नीचे हासिल करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में अब तक 625 घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगवाए गये है और दिसम्बर तक 3000 घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जावेगा। गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा में महाप्रबंधक जल निगम ने बताया, कि गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना से जिले में जल प्रदाय की टेस्टिंग का कार्य कर लिया गया हैं। नवम्बर तक हर घर नल जल योजना से शुद्ध जल प्रदाय आपूर्ति प्रारंभ कर दी जावेगी।

## दूधिया पानी और दुगनी रफ्तार से छलका जाजू सागर बांध, नीमचवासियों में खुशी की लहर

**नीमच।** मानसून की मेहरबानी से जिले का प्रसिद्ध जाजू सागर बांध इस बार पूरे शबाब पर है। बीते दिनों हुई भारी बारिश के चलते बांध पूरी तरह लबालब भर गया है, और अब दूधिया सफेद झरनों की तरह पानी छलकता नजर आ रहा है। तेज़ रफ्तार से बहते पानी का नज़ारा न सिर्फ देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर रहा है, बल्कि आसपास के इलाकों से लोग यहां का नज़ारा देखने उमड़ रहे हैं। जाजू सागर बांध, जो पहले ही नीमच और आसपास के क्षेत्र में एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है, अब पूरी रफ्तार से बहते पानी के साथ और भी आकर्षक बन गया है। सुबह से लेकर शाम तक यहां आने वालों की भीड़ देखी जा रही है। परिवार, दोस्त, युवा और बच्चे हर कोई इस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए यहां पहुंच रहा है।



## हनुमान चालीसा पाठ कर किसानों ने किया अनोखा प्रदर्शन

▸ सोयाबीन फसल नुकसान सर्वे व बीमा राशि वितरण की मांग



**नीमच। जिले के जावद तहसील अंतर्गत ग्राम पालराखेड़ा के किसानों ने खरीफ सीजन में सोयाबीन फसल को हुए भारी नुकसान को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने सोयाबीन की फसल पर फूलमाला और अगरबत्ती चढ़ाकर जय जवान मर गया किसान के नारे लगाए तथा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।** इस प्रदर्शन ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। किसानों का कहना है कि इस वर्ष गांव पालराखेड़ा में सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक रोग फैलने से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। रोग के कारण पौधे सुखने लगे हैं और फलन नहीं हो रहा,जिससे किसानों को भारी आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि बार-बार अवगत कराने के बाद भी अब तक ना तो राजस्व विभाग ने स्थल निरीक्षण किया और ना ही फसल नुकसानी का सर्वे किया गया है।गांव के किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें तत्काल फसल नुकसान का सर्वे कराने और क्षतिपूर्ति स्वरूप मुआवजा राशि दिलाने की मांग की गई है। साथ ही पूर्व में वितरित फसल बीमा राशि भी गांव पालराखेड़ा में किसानों को नहीं मिली,।

> ऐसे में उन्होंने गूंगी-बहरी सरकार को जगाने के लिए हनुमान चालीसा पाठ कर यह अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।इस मामले में एसडीएम संजीव साहू ने बताया कि किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर संज्ञान लिया गया है। जिले में प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाएगा और जल्द ही खेतों का निरीक्षण कर फसल नुकसान का आकलन कराया जाएगा।किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर सर्वे कर मुआवजा राशि नहीं दी गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल का म.प्र. ट्रायथलॉन में शानदार प्रदर्शन



**नीमच।** म.प्र. ट्रायथलॉन संघ द्वारा उज्जैन जिला ट्रायथलॉन संघ के सहयोग से 29वीं सब जूनियर, जूनियर और सीनियर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 अगस्त तक उज्जैन के महानंदा नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे स्विमिंग पूल में किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के कई जिलों की टीमें भाग लिया । प्रतियोगिताओं में ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओ भी भाग लिया जिसमें छात्र अनुज मोहिल ने एक्वाथलॉन में मिनी वर्ग में 200 मीटर तैराकी और 1 किलोमीटर दौड़ में सिल्वर पदक जीता।

जूनियर वर्ग की एक्वाथलॉन में प्रथ्वीराज सिंह हारोड़ ने तैराकी में सिल्वर मैडल 200 मीटर और ट्रायथलॉन 20 किलोमीटर साइकिल रेस, 750 मीटर तैराकी और 5 किलोमीटर दौड़ में ब्रांज पदक जीता।



## सर्वसमाज की बैठक में दीपावली पर्व सोमवार 20 अक्टूबर को मनाने का लिया निर्णय

**नीमच। सनातन धर्म के आगामी त्यौहारों को लेकर श्री कर्मकाण्डीय विप्र परिषद्, पुजारी संघ, सर्वसमाज की बैठक सोमवार 01 सितम्बर 2025 को शहर के हृद्रय स्थल घण्टाघर के पास स्थित श्री बिचला गोपाल मंदिर पर सांय 4 बजे श्री श्यामजी शर्मा पुजारी गोपाल मंदिर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई हुई ।**

जिसमें आगामी त्यौहार 18 अक्टुबर, 2025 धन त्रयोदशी, 19 अक्टुबर नरक चतुर्दशी, 20 अक्टुबर दीपावली महालक्ष्मी पूजा, 21 अक्टुबर देवपितृ कार्य अमावस्या, 22 अक्टुबर गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट, 23 अक्टुबर भाई दूज, 02 नवम्बर 2025 देवउठनी एकादशी (तुलसी विवाह) को एक मत से मनाये जाने को लेकर श्री कर्मकाण्डीय विप्र परिषद् एवं पूजारी संघ के निर्णयों का सर्वसमाज ने एकमत सहर्ष हॅसते हुए अपनी सहमति प्रदान की।

उपस्थित सभी सदस्यों ने सनातन एवं हिन्दू समाज के पक्ष में किये गये श्री कर्मकाण्डीय विप्र परिषद, पुजारी संघ के इस प्रयास को उल्लेखनीय एवं आने वाले समय के लिये जनहितकारी माना।

**एक नजर** विहित प्रक्रिया अपनाकर लिया गया गोद

## औरंगाबाद की सिंगल माता ने अपनाया नीमच की 6 माह की बालिका अंशु को

नवभारत न्यूज



**नीमच। कलेक्टर जिला नीमच हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीमच अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों से बालिका अंशु (परिवर्तित नाम) को नया घर मिल गया है।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मबाविं नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया,कि बालिका अंशु (परिवर्तित नाम) को 06 माह पूर्व परिवार द्वारा लावारिस छोड़ दिया गया था। बालिका के बारें में पता करने का प्रयास किया गया। शिशु गृह नीमच द्वारा भी बच्ची के परिवार के बारे में बहुत तलाश की गई, परन्तु बच्ची के परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। बालिका के परिवार के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिलने पर बाल कल्याण समिति नीमच के आदेश उपरांत बालिका को लीगल फ्री करवाया जाकर छ्रक्र पोर्टल पर दर्ज करवाया गया।

6 माह की बालिका अंशु(परिवर्तित नाम) शिशु गृह नीमच में आश्रयरत थी। सिंगल माता सुश्री रिद्धिमा शर्मा (परिवर्तित नाम) द्वारा छ्रक्रपोर्टल पर बच्चे को गोद लेने हेतु 2021 में रजिस्टर्ड करवाया गया था ; विहित प्रक्रिया के पालन पश्चात बालिका अंशु (परिवर्तित नाम) को सुश्री रिद्धिमा शर्मा(परिवर्तित नाम) को गोद दिया गया। घरेलू हिंसा से पीड़ित सुश्री शर्मा का अपने पति से विवाह विच्छेद 2021 में हो गया था तथा विवाह विच्छेद के पश्चात सुश्री शर्मा को अपने जीवन में कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही थी ऐसी स्थिति में सुश्री रिद्धिमा द्वारा अपने बच्चे के रूप में बालिका को गोद लेने का निर्णय लिया गया।माता सुश्री शर्मा बैंक मैनेजर है वे बताती है, कि वे बच्चें के रूप में बालिका को ही चाहती थी इसीलिए उन्होंने बालिका हेतु रजिस्टर्ड करवाया गया।

## मप्र तैराकी संघ की बैठक में भाग लेंगे अशोक मोदी

▸ जिला तैराकी संघ की बैठक में लिया निर्णय, तैराकी के हित में रखेंगे कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव



**नीमच। मप्र तैराकी संघ की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 5 सितंबर को इटारसी में आयोजित हो रही है। जिसमें नीमच जिले का नेतृत्व जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अशोक मोदी करेंगे।**

मप्र तैराकी संघ द्वारा प्रदेश में आगामी गतिविधियों और तैराकी संबंधित आयोजनों की रूपरेखा बनाने 5 सितंबर को मप्र तैराकी संघ की यह बैठक की जा रही है। इसमें प्रदेश भर के तैराकी संघों से जुड़े पदाधिकारी व प्रतिनिधि भाग लेंगे। इससे पूर्व इसको लेकर नीमच जिला तैराकी संघ द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें नीमच जिले से भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव व जानकारी को उक्त बैठक में रखा जाए और उसमें हमारा प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इसलिए यह निर्णय लिया गया हैं कि बैठक में संघ अध्यक्ष अशोक मोदी की भाग लेवे और नीमच की तरफ से तैराकी के हित में अपनी मजबूती के साथ बात रखे। संघ की ओर से सभी ने उनके नाम पर सहमति व्यक्त की है। अब वह इटारसी पहुंचकर प्रदेश स्तरीय तैराकी संघ बैठक में भाग लेंगे।